**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) ____________________

   (Name) ____________________

2. (Signature) ____________________

   (Name) ____________________

**OMR Sheet No. :** ...............................................
(To be filled by the Candidate)

**Roll No.** | | | | | | | | |
(In figures as per admission card)

**Roll No.** ____________________
(In words)

**J 0 8 1 5**

# PAPER - II
# COMMERCE

**Time : 1¼ hours]** **[Maximum Marks : 100**

Number of Pages in this Booklet : **24** Number of Questions in this Booklet : **50**

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of fifty multiple choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the Test Booklet Number should be entered on the OMR Sheet and the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (1), (2), (3) and (4). You have to darken the circle as indicated below on the correct response against each item.
   **Example :** ① ② ● ④ where (3) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **OMR Sheet given inside the Booklet only.** If you mark your response at any place other than in the circle in the OMR Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your Name, Roll Number, Phone Number or put any mark on any part of the OMR Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, or use abusive language or employ any other unfair means, such as change of response by scratching or using white fluid, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the original OMR Sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall. You are however, allowed to carry original question booklet and duplicate copy of OMR Sheet on conclusion of examination.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There are no negative marks for incorrect answers.**
13. In case of any discrepancy in the English and Hindi versions, English version will be taken as final.

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. इस पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए।
2. इस प्रश्न पत्र में पचास बहुविकल्पीय प्रश्न हैं।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न पुस्तिका आपको दे दी जायेगी। पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे, जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न पुस्तिका खोलने के लिए पुस्तिका पर लगी कागज की सील को फाड़ लें। खुली हुई या बिना स्टीकर सील की पुस्तिका स्वीकार न करें।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं। दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें। इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे। उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा।**
   (iii) इस जाँच के बाद प्रश्न पुस्तिका का नंबर OMR पत्रक पर अंकित करें और OMR पत्रक का नंबर इस प्रश्न पुस्तिका पर अंकित कर दें।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (1), (2), (3) तथा (4) दिये गये हैं। आपको सही उत्तर के वृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है।
   **उदाहरण :** ① ② ● ④ जबकि (3) सही उत्तर है।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न पुस्तिका के अन्दर दिये गये OMR पत्रक पर ही** अंकित करने हैं। यदि आप OMR पत्रक पर दिये गये वृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिन्हांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें।
8. यदि आप OMR पत्रक पर नियत स्थान के अलावा अपना नाम, रोल नम्बर, फोन नम्बर या कोई भी ऐसा चिह्न जिससे आपकी पहचान हो सके, अंकित करते हैं अथवा अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं, या कोई अन्य अनुचित साधन का प्रयोग करते हैं, जैसे कि अंकित किये गये उत्तर को मिटाना या सफेद स्याही से बदलना तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित किये जा सकते हैं।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर मूल OMR पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें। हालांकि आप परीक्षा समाप्ति पर मूल प्रश्न पुस्तिका तथा OMR पत्रक की डुप्लीकेट प्रति अपने साथ ले जा सकते हैं।
10. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पेन का ही इस्तेमाल करें।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है।**
12. **गलत उत्तरों के लिए कोई नकारात्मक अंक नहीं हैं।**
13. यदि अंग्रेजी या हिंदी विवरण में कोई विसंगति हो, तो अंग्रेजी विवरण अंतिम माना जाएगा।



www.examrace.com

## COMMERCE

## PAPER - II

**Note :** This paper contains **fifty (50)** objective type questions of **two (2)** marks each. **All** questions are **compulsory**.

**1.** The world's first electronic stock market is :

(1) KOSPI (2) Nikkie (3) NASDAQ (4) Dow Jones

**2.** The Human Development Index (HDI) is introduced by :

(1) UNDP (2) UNICEF (3) IMF (4) World Bank

**3.** Examine the following statements and choose the **correct** code :

**Assertion (A) :** American style option, compared to European style, provides more freedom to option holders in exercising the option.

**Reason (R) :** American style option can be exercised only at a specified date which is generally the expiration date.

**Codes :**

(1) Both **(A)** and **(R)** are correct. (2) Both **(A)** and **(R)** are wrong.

(3) **(A)** is correct, but **(R)** is wrong. (4) **(A)** is not correct, but **(R)** is correct.

**4.** From the statements given below, identify the **correct** code :

**Statement (I) :** The key strategy behind acquiring a company is to create share holder's value.

**Statement (II) :** Conglomeration is a merger between two companies that have common business areas.

**Statement (III) :** MRTP Act got replaced by the Competition Act, 2002 in India.

**Codes :**

(1) All the three statements are correct.

(2) Statements **(I)** and **(II)** only are correct.

(3) Statements **(I)** and **(III)** only are correct.

(4) Statement **(II)** only is correct.



www.examrace.com

## वाणिज्य

### प्रश्नपत्र – II

**निर्देश :** इस प्रश्नपत्र में **पचास (50)** बहु–विकल्पीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के **दो (2)** अंक हैं। **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।

**1.** विश्व का पहला इलेक्ट्रॉनिक शेयर बाजार है :

(1) कॉस्पी (2) निक्की (3) नास्दाक (4) डाउ जॉन्स

**2.** मानव विकास सूचकांक (एच.डी.आई.) निम्नलिखित में से किसने शुरू किया ?

(1) यू.एन.डी.पी. (2) यूनिसैफ (3) आई.एम.एफ. (4) विश्व बैंक

**3.** निम्नलिखित कथनों की जाँच करें और सही कोड चुने :

**अभिकथन (A) :** यूरोपीय शैली की तुलना में अमरीकी शैली का विकल्प चयन कर्त्ताओं (ऑप्शन होल्डर्स) को अधिक स्वायत्तता देता है।

**तर्क (R) :** अमरीकी शैली का विकल्प एक निश्चित तारीख को ही व्यवहार में लाया जा सकता है और यह तारीख सामान्यतया अन्तिम तारीख ही होती है।

**कूट :**

(1) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं।
(2) **(A)** और **(R)** दोनों गलत हैं।
(3) **(A)** सही है, किन्तु **(R)** गलत है।
(4) **(A)** सही नहीं है, किन्तु **(R)** सही है।

**4.** नीचे दिए गए कथनों में से **सही** कोड़ का चयन करें :

**कथन (I) :** किसी कम्पनी के अधिग्रहण के पीछे मुख्य रणनीति शेयर धारकों के शेयर के मूल्य में वृद्धि करना है।

**कथन (II) :** एक समान कारोबार करने वाली दो कंपनियों का विलय कॉग्लोमोरेशन कहलाता है।

**कथन (III) :** भारत में प्रतिस्पर्धा अधिनियम, 2002 ने एम.आर.टी.पी. अधिनियम का स्थान ले लिया है।

**कूट :**

(1) तीनों कथन सही हैं।
(2) केवल कथन **(I)** और **(II)** ही सही हैं।
(3) केवल कथन **(I)** और **(III)** ही सही हैं।
(4) केवल कथन **(II)** सही है।



www.examrace.com

5. From the following, identify the tools of fiscal policy :

(i) Public expenditure

(ii) Open market operations

(iii) Deficit financing

(iv) Taxation

(v) Reserve requirements

**Codes :**

(1) (i), (iii), (iv) and (v) (2) (i), (ii), (iv) and (v)

(3) (ii) and (v) (4) (i), (iii) and (iv)

6. The basic difference between a static budget and flexible budget is that :

(1) A flexible budget considers only variable costs but a static budget considers all costs.

(2) Flexible budgets allow management latitude in meeting goals, whereas static budget is based on fixed standards.

(3) A flexible budget is applicable for a single department only but a static budget for entire production facility.

(4) A flexible budget can be prepared for any production level within a relevant range but a static budget is based on one specific level of production.

7. A retiring partner continues to be liable for obligations incurred after his retirement :

(1) If unpaid amount is transferred to his loan account.

(2) If he does not give public notice.

(3) If he starts a similar business elsewhere.

(4) In all the situations till he survives.

8. In what order, the following assets are shown in the balance sheet of a company ?

(i) Trade receivables

(ii) Cash

(iii) Furniture and fittings

(iv) Investment in shares and debentures

**Codes :**

(1) (ii), (i), (iv), (iii) (2) (i), (ii), (iii), (iv) (3) (iii), (iv), (i), (ii) (4) (iv), (iii), (ii), (i)



www.examrace.com

5. निम्नलिखित में से राजकोषीय नीति के उपायों की पहचान करें :

(i) सार्वजनिक व्यय

(ii) खुले बाजार की क्रियायें

(iii) हीनार्थ प्रबन्धन

(iv) कराधान

(v) आरक्षित आवश्यकताएं

**कूट :**

(1) (i), (iii), (iv) और (v)  (2) (i), (ii), (iv) और (v)

(3) (ii) और (v)  (4) (i), (iii) और (iv)

6. स्थिर बजट और लचीले बजट में मूल अंतर यह है कि :

(1) लचीले बजट में केवल परिवर्तनशील लागतों पर विचार किया जाता है जबकि स्थिर बजट में सभी लागतों पर विचार किया जाता है।

(2) लचीले बजट में लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रबंधन में विकल्प चयन की अनुमति होती है जबकि स्थिर बजट स्थिर मानकों पर ही आधारित रहता है।

(3) लचीला बजट केवल विशेष विभाग में लागू किया जा सकता है जबकि स्थिर बजट सम्पूर्ण उत्पादन सुविधा के लिए होता है।

(4) लचीला बजट एक सुसंगत विस्तार में उत्पादन के किसी भी स्तर के लिए तैयार किया जा सकता है जबकि स्थिर बजट उत्पादन के किसी विशेष स्तर पर आधारित होता है।

7. सेवानिवृत्ति के बाद भी सेवानिवृत्त साझेदार पर देयताओं की जिम्मेवारी बनी रहती है :

(1) यदि अदत्त राशि उसके ऋण खाते में अंतरित कर दी जाती है।

(2) यदि वह सार्वजनिक सूचना नहीं देता।

(3) यदि वह और कहीं उसी प्रकार का कारोबार शुरू करता है।

(4) जब तक वह जीवित है, किसी भी स्थिति में जिम्मेवार बना रहता है।

8. किसी कंपनी के तुलन-पत्र में निम्नलिखित परिसम्पत्तियों को किस क्रम में दर्शाया जाता है?

(i) व्यापारिक प्राप्य बिल

(ii) नकदी/रोकड़

(iii) फर्नीचर एण्ड फिटिंग्स

(iv) शेयर और ऋणपत्रों में निवेश

**कूट :**

(1) (ii), (i), (iv), (iii)  (2) (i), (ii), (iii), (iv)  (3) (iii), (iv), (i), (ii)  (4) (iv), (iii), (ii), (i)



www.examrace.com

9. When opening stock is ₹ 50,000, closing stock is ₹ 60,000 and the cost of goods sold is ₹ 2,20,000, the stock turnover ratio is :

(1) 2 times (2) 3 times (3) 4 times (4) 5 times

10. If : Stock turnover ratio is = 6 times

Average stock = ₹ 8,000

Selling price = 25% above cost

What is the amount of gross profit ?

(1) ₹ 2,000 (2) ₹ 4,000 (3) ₹ 10,000 (4) ₹ 12,000

11. A rectangular hyperbola shaped demand curve on all its points has :

(1) Equal slopes of the price demand curve

(2) Price elasticity equal to unity

(3) Varying price elasticity

(4) Both slope and price elasticity equal

12. In case of short-run equilibrium, a perfectly competitive firm while earning abnormal profits operates at an output level where :

(1) Marginal cost is the minimum

(2) Average cost is the minimum

(3) Both marginal cost and average cost are equal

(4) Marginal cost is higher than average cost

13. Which one of the following statements is **false** ?

(1) Normally, a price demand curve slopes downward from left to right.

(2) Economies of scale and economies of scope are the same.

(3) For optimization, equality between marginal cost and marginal revenue is a necessary condition but it is not a sufficient one.

(4) Law of variable proportions denotes input-output relationship during short-run.



www.examrace.com

**9.** जब आरंभिक रहतिया ₹ 50,000 हो, अंतिम रहतिया ₹ 60,000 और बेचे गए माल की लागत ₹ 2,20,000 हो तो रहतिया आवर्त्त अनुपात होगा :

(1) दोगुना (2) तीन गुना (3) चार गुना (4) पाँच गुना

**10.** यदि : रहतिया आवर्त्त अनुपात = 6 गुना

औसत रहतिया = ₹ 8,000

विक्रय मूल्य = लागत से 25% अधिक हो

तो सकल लाभ की राशि क्या होगी ?

(1) ₹ 2,000 (2) ₹ 4,000 (3) ₹ 10,000 (4) ₹ 12,000

**11.** एक आयाताकार हाइपरबोला आकृति के माँग वक्र के सभी बिन्दुओं पर :

(1) कीमत माँग-वक्र का ढलान समान होता है।

(2) कीमत-लोच इकाई के बराबर होती है।

(3) कीमत लोच परिवर्तनशील होती है।

(4) दोनों कीमत लोच और ढलान समान होते हैं।

**12.** अल्प-समय सन्तुलन की स्थिति में, एक सम्पूर्ण रूप से प्रतिस्पर्धात्मक फर्म असाधारण लाभ कमाते हुए एक ऐसे उत्पादन स्तर पर चल रही है जहाँ :

(1) सीमांत लागत न्यूनतम है।

(2) औसत लागत न्यूनतम है।

(3) दोनों सीमान्त और औसत लागते समान हैं।

(4) औसत लागत से सीमांत लागत अधिक है।

**13.** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन **गलत** है ?

(1) सामान्य रूप से एक कीमत माँग वक्र बाएं से दाएं की ओर ढलती है।

(2) पैमाने की बचत तथा विस्तार की बचत एक ही है।

(3) उत्पादन को इष्टतम सीमा तक पहुंचाने के लिए, सीमांत लागत और सीमांत आय में समानता का होना एक आवश्यक शर्त है मगर यही पर्याप्त नहीं है।

(4) परिवर्तनशील अनुपात नियम अल्प-समय के इन-पुट और आऊट-पुट सम्बन्धों को दर्शाता है।



www.examrace.com

14. Match the items of **List-I** with the items of **List-II** :

| | **List-I** | | **List-II** |
|---|---|---|---|
| (a) | Law of diminishing marginal utility | (i) | Cross demand |
| (b) | Relationship between price of one commodity and demand for other commodity | (ii) | Oligopoly |
| (c) | Skimming the cream policy | (iii) | Cardinal approach |
| (d) | Price rigidity | (iv) | Pioneer pricing |

**Codes :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (2) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |
| (3) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (4) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |

15. The following are the demand and supply equations in a perfectly competitive market :

$P = 12 + 0.3\ Q_s$

$P = 40 - 0.4\ Q_d$

The equilibrium market price would be :

(1) 24 (2) 10 (3) 40 (4) 20

16. Which of the following is **not** an accounting software package ?

(1) Quick Books (2) Sage one (3) Sage M (4) Sage 50

17. Which one of the following formula is used to calculate probable error of correlation-coefficient between two variables of 'n' pairs of observations ?

(1) $0.6745 \left[\frac{1 - r^2}{\sqrt{n}}\right]$ (2) $0.5758 \left[\frac{1 - r^2}{\sqrt{n}}\right]$

(3) $0.675 \left[\frac{1 - r^2}{n}\right]$ (4) $0.5758 \left[\frac{1 - r^2}{n}\right]$

18. If the population is heterogeneous, which one of the following probability sampling methods is more appropriate ?

(1) Sequential sampling (2) Quota sampling

(3) Double sampling (4) Stratified sampling



www.examrace.com

**14.** **सूची-I** की मदों को **सूची-II** की मदों से सुमेलित कीजिए :

| | **सूची-I** | | **सूची-II** |
|---|---|---|---|
| (a) | ह्रासमान सीमांत उपयोगिता सिद्धान्त | (i) | तिर्यक माँग |
| (b) | एक वस्तु की कीमत और अन्य वस्तु की माँग में सम्बन्ध | (ii) | अल्पाधिकार |
| (c) | मलाई उतारने का सिद्धान्त | (iii) | संख्यासूचक उपागम |
| (d) | कीमत स्थिरता | (iv) | अग्रणी कीमत निर्धारण |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (2) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |
| (3) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (4) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |

**15.** सम्पूर्ण प्रतिस्पर्धात्मक बाजार में माँग और आपूर्ति का समीकरण निम्नानुसार है :

पी $= 12 + 0.3$ क्यू$_s$

पी $= 40 - 0.4$ क्यू$_d$

सन्तुलित बाजार कीमत होगी :

(1) 24 (2) 10 (3) 40 (4) 20

**16.** निम्नलिखित में से कौन-सा लेखाकरण सॉफ्टवेयर पैकेज **नहीं** है ?

(1) क्विक बुक्स (2) सेज़ वन (3) सेज़ एम (4) सेज़ 50

**17.** 'n' संख्या के दो चरों के युग्मों के बीच सह-सम्बन्ध गुणांक के सम्भाव्य मूल की गणना निम्नलिखित में से किस सूत्र द्वारा की जाती है ?

(1) $0.6745\left[\frac{1-r^2}{\sqrt{n}}\right]$ (2) $0.5758\left[\frac{1-r^2}{\sqrt{n}}\right]$

(3) $0.675\left[\frac{1-r^2}{n}\right]$ (4) $0.5758\left[\frac{1-r^2}{n}\right]$

**18.** यदि जनसंख्या विजातीय हो तो निम्नलिखित में से कौन-सी एक संभाव्यता प्रतिदर्श प्रणाली अधिक उपयुक्त होगी ?

(1) क्रमानुसार प्रतिदर्श प्रणाली (2) कोटा प्रतिदर्श प्रणाली

(3) दोहरी प्रतिदर्श प्रणाली (4) स्तरीकृत प्रतिदर्श प्रणाली



www.examrace.com

**19.** Which of the following relating to normal distribution are **not** correct ?

(i) Co-efficient of skewness is three.

(ii) It is mesokurtic.

(iii) Mean deviation for it is $\frac{2}{3}\sigma$.

(iv) $\mu \pm 2\sigma$ covers 95.45% area.

(v) Mean, median and mode are equal.

(vi) The standard normal variate z has mean one and SD zero.

**Codes :**

(1) (i), (iii) and (vi) (2) (iii), (iv) and (v) (3) (i), (iii) and (v) (4) (i), (iii) and (iv)

**20.** Which one of the following statements is **false** ?

(1) Both correlation and regression co-efficients have same sign.

(2) Arithmetic mean of the regression co-efficients is always more than the correlation co-efficient.

(3) Regression co-efficients are independent of both the origin and scale.

(4) Correlation co-efficient is the square root of two regression co-efficients.

**21.** Match the items of **List-I** with **List-II** :

| | **List-I** | | **List-II** |
|---|---|---|---|
| (a) | "He who can manage, can manage anything". | (i) | Henry Fayol |
| (b) | "Due to these experiments, a factory does not remain a factory, it is converted into a laboratory". | (ii) | William B. Cornell |
| (c) | "Management succeeds or fails as human relations in business are intelligently or unintelligently handled". | (iii) | F.W. Taylor |
| (d) | "A place for everything, and everything in its place". | (iv) | Lawrance A. Appley |

**Codes :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (2) | (i) | (ii) | (iv) | (iii) |
| (3) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (4) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |



www.examrace.com

**19.** सामान्य वितरण से संबंधित निम्नलिखित कथनों में से कौन–से कथन सही **नहीं** है?

(i) वैषम्य का गुणांक तीन है।

(ii) यह मैसोकुर्टिक है।

(iii) मध्य विचलन $\frac{2}{3}\sigma$ है।

(iv) $\mu \pm 2\sigma$, 95.45% क्षेत्रफल कवर करता है।

(v) माध्य, मध्यस्थ और बहुलक बराबर होते हैं।

(vi) मानक सामान्य विभेद 'z' का माध्य एक और एस.डी. शून्य होता है।

**कूट :**

(1) (i), (iii) और (vi) (2) (iii), (iv) और (v) (3) (i), (iii) और (v) (4) (i), (iii) और (iv)

**20.** निम्नलिखित में से कौन–सा एक कथन **गलत** है?

(1) सहसंबंध गुणांक (कोरिलेशन कोफिशिएंट) और समाश्रयण गुणांक (रिग्रेशन कोफिशिएंट) का एक ही चिह्न होता है।

(2) समाश्रयण गुणांक का अंकगणितीय माध्य, सहसंबंध गुणांक से सदैव अधिक होता है।

(3) समाश्रयण गुणांकों पर उद्गम और माप का कोई प्रभाव नहीं पड़ता।

(4) सहसंबंध गुणांक दो समाश्रयण गुणांकों के गुणनफल का वर्गमूल होता है।

**21.** **सूची**-I की मदों को **सूची-II** की मदों के साथ सुमेलित कीजिए :

| | **सूची-I** | | **सूची-II** |
|---|---|---|---|
| (a) | "वह जोकि प्रबन्ध कर सकता है, किसी का भी प्रबन्ध कर सकता है।" | (i) | हेनरी फेयोल |
| (b) | "इन प्रयोगों के कारण कारखाना एक कारखाना मात्र ही नहीं रहता अपितु प्रयोगशाला में बदल जाता है।" | (ii) | विलियम बी. कॉरनेल |
| (c) | "प्रबन्ध की सफलता अथवा असफलता इस बात पर निर्भर करती है कि व्यवसाय में मानवीय संबन्ध विवेकपूर्ण बनाये गये हैं अथवा अविवेकपूर्ण।" | (iii) | एफ. डब्ल्यु टेलर |
| (d) | "प्रत्येक वस्तु के लिये एक नियत स्थान होना चाहिये तथा प्रत्येक वस्तु अपने नियत स्थान पर ही होना चाहिये।" | (iv) | लारेंस ए. एप्पले |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (2) | (i) | (ii) | (iv) | (iii) |
| (3) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (4) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |



www.examrace.com

**22.** **Assertion (A) :** Management is mainly associated with economic affairs.

**Reasoning (R) :** Big business houses are the result of effective financial management.

**Codes :**

(1) **(A)** is correct and **(R)** is the right explanation of **(A).**

(2) Both **(A)** and **(R)** are correct but **(R)** is not the right explanation of **(A).**

(3) **(A)** is incorrect but **(R)** is correct in isolation.

(4) Both **(A)** and **(R)** are incorrect.

**23.** Areas of establishing objectives under MBO are :

(i) Market Standing

(ii) Innovation

(iii) Industrial Relations

(iv) Public Accountability

(v) Productivity

(vi) Industrial Policy

**Codes :**

(1) (iii), (iv), (v) and (vi)  (2) (i), (ii), (iv) and (v)

(3) (i), (ii), (v) and (vi)  (4) (ii), (iii), (iv) and (v)

**24.** Match the items of **List-I** with **List-II** :

| | **List-I** | | **List-II** |
|---|---|---|---|
| (a) | Management of Tomorrow | (i) | Chris Argyris |
| (b) | Motivation and Personality | (ii) | Fredrick Hergberg |
| (c) | The Motivation of Work | (iii) | L.F. Urwick |
| (d) | Personality and Organisation | (iv) | A.H. Maslow |

**Codes :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (iv) | (ii) | (iii) |
| (2) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (3) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (4) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |



www.examrace.com

22. **अभिकथन (A) :** प्रबन्धन मुख्यतया आर्थिक मामलों से सम्बद्ध है।

**तर्क (R)** : बड़े व्यावसायिक घराने प्रभावी वित्तीय प्रबन्धन का ही प्रतिफल हैं।

**कूट :**

(1) **(A)** सही है और **(A)** की **(R)** सही व्याख्या है।

(2) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं परन्तु **(A)** की **(R)** सही व्याख्या नहीं है।

(3) **(A)** गलत है परन्तु **(R)** सही है।

(4) **(A)** और **(R)** दोनों गलत हैं।

23. एम.बी.ओ. के अंतर्गत उद्देश्य निर्धारण के क्षेत्र हैं :

(i) बाजार अवस्थिती

(ii) नवप्रवर्तन

(iii) औद्योगिक संबन्ध

(iv) जन लेखादेयता

(v) उत्पादकता

(vi) औद्योगिक नीति

**कूट :**

(1) (iii), (iv), (v) और (vi)   (2) (i), (ii), (iv) और (v)

(3) (i), (ii), (v) और (vi)   (4) (ii), (iii), (iv) और (v)

24. **सूची**-I की मदों को **सूची**-II की मदों से सुमेलित कीजए :

| | **सूची**-I | | **सूची**-II |
|---|---|---|---|
| (a) | मैनेजमेंट ऑफ टुमारो | (i) | क्रिस आर्गाईरिस |
| (b) | मोटिवेशन एण्ड परसैनेलिटी | (ii) | फ्रेडरिक हर्ज़बर्ग |
| (c) | द मोटिवेशन ऑफ वर्क | (iii) | एल.एफ. उर्विक |
| (d) | परसैनेलिटी एण्ड आर्गेनाइजेशन | (iv) | ए.एच. मासलो |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (iv) | (ii) | (iii) |
| (2) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (3) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (4) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |



www.examrace.com

25. Narayan Murthy Committee revised its recommendations on Corporate Governance as on 29th October 2004 which diluted the following areas :

(i) Independence of Directors

(ii) Whistle Blower Policy

(iii) Performance evaluation of Non-Executive Directors

(iv) Mandatory training of Non-Executive Directors

**Codes :**

(1) (i), (ii) and (iii) only (2) (i) and (iii) only

(3) (i), (ii) and (iv) only (4) All (i), (ii), (iii) and (iv)

26. The service marketing mix is an extended marketing mix and includes :

(i) People

(ii) Process

(iii) Service

(iv) Physical evidence

**Codes :**

(1) (ii), (iii) and (iv) (2) (i), (ii) and (iii) (3) (i), (ii) and (iv) (4) (i), (iii) and (iv)

27. Black box model in marketing relates to :

(1) Marketing planning (2) Marketing mix

(3) Marketing control (4) Consumer behaviour

28. Items, considered part of the augmented product, do **not** include :

(1) Guarantee (2) Warranty

(3) Complementary products (4) Channels of distribution

29. Which of the following is **not** a type of direct marketing ?

(1) Direct mail marketing (2) Retail marketing

(3) Telemarketing (4) Email direct marketing

30. 'Press release' is a part of :

(1) Public relations (2) Advertising

(3) Sales promotion (4) None of the above



www.examrace.com

**25.** कोर्पोरेट गवर्नेन्स पर बनी नारायणमूर्ति कमेटी ने 29 अक्तूबर 2004 को अपनी सिफारिशों में संशोधन किया जिससे निम्नलिखित क्षेत्रों में ढील आई :

(i) निदेशकों की स्वतन्त्रता

(ii) व्हिसल ब्लोअर नीति

(iii) गैर कार्यकारी निदेशकों के निष्पादन का मूल्यांकन

(iv) गैर-कार्यकारी निदेशकों की अधिदेशात्मक प्रशिक्षण

**कूट :**

(1) केवल (i), (ii) और (iii)
(2) केवल (i) और (iii)
(3) केवल (i), (ii) और (iv)
(4) (i), (ii), (iii) और (iv) सभी

**26.** सेवा विपणन मिश्र एक प्रसारित विपणन मिश्र है जिसमें सम्मिलित है :

(i) लोग

(ii) प्रक्रिया

(iii) सेवा

(iv) भौतिक साक्ष्य

**कूट :**

(1) (ii), (iii) और (iv)
(2) (i), (ii) और (iii)
(3) (i), (ii) और (iv)
(4) (i), (iii) और (iv)

**27.** विपणन में ब्लैक बॉक्स का सम्बन्ध है :

(1) विपणन नियोजन से
(2) विपणन मिश्र से
(3) विपणन नियन्त्रण से
(4) उपभोक्ता व्यवहार से

**28.** वे मदें जो संवर्धित उत्पाद का हिस्सा समझी जाती हैं, उनमें शामिल **नहीं** होती :

(1) गारंटी
(2) वारंटी
(3) पूरक उत्पाद
(4) वितरण माध्यम

**29.** निम्नलिखित में से कौन-सी सीधे विपणन का प्रकार **नहीं** है ?

(1) प्रत्यक्ष डाक विपणन
(2) खुदरा विपणन
(3) टेली-विपणन
(4) ई-मेल प्रत्यक्ष विपणन

**30.** 'प्रेस-विज्ञप्ति' का सम्बन्ध किससे है ?

(1) लोक सम्पर्क से
(2) विज्ञापन से
(3) बिक्री संवर्धन से
(4) उपरोक्त में से कोई नहीं



www.examrace.com

31. In capital budgeting, the term capital rationing implies :

(1) that no retained earnings are available.

(2) that limited funds are available for investment.

(3) that no external funds can be raised.

(4) that no fresh investment is required in current year.

32. In certainty equivalent approach, adjusted cash flows are discounted at :

(1) Accounting Rate of Return (2) Internal Rate of Return

(3) Hurdle Rate (4) Risk Free Rate

33. Combined leverage is calculated as :

(1) Operating Leverage + Financial Leverage

(2) Operating Leverage − Financial Leverage

(3) Operating Leverage × Financial Leverage

(4) Operating Leverage ÷ Financial Leverage

34. Which of the following is **not** true with reference to capital budgeting ?

(1) Capital budgeting is related to asset replacement decisions.

(2) Cost of capital is equal to minimum required return.

(3) Existing investment in a project is not treated as sunk cost.

(4) Timing of cash flows is relevant.

35. What is Economic Order Quantity ?

(1) Cost of an order (2) Cost of stock

(3) Reorder level (4) Optimum order size

36. Which of the following is **not** a basic objective of HRM ?

(1) To attract HR into the organisation

(2) To develop and motivate HR for better performance

(3) To have the reward and punishment system for HR

(4) To integrate and maintain HR in the organisation



www.examrace.com

**31.** पूंजी बजटिंग में 'पूंजी राशनिंग' से तात्पर्य है :

(1) कोई प्रतिधारित आय उपलब्ध नहीं है।

(2) निवेश के लिए सीमित निधियां उपलब्ध हैं।

(3) कोई बाह्य निधि नहीं जुटाई जा सकती।

(4) वर्तमान वर्ष में कोई नया निवेश आवश्यक नहीं है।

**32.** निश्चितता समतुल्य उपागम में समायोजित रोकड़ प्रवाह के लिए निम्नलिखित पर बट्टा किया जाता है :

(1) लेखांकन प्रत्याय दर
(2) आंतरिक प्रत्याय दर
(3) अवरोध दर
(4) जोखिम मुक्त दर

**33.** संयुक्त उत्तोलक का परिकलन इस प्रकार किया जाता है :

(1) प्रचालन उत्तोलक + वित्तीय उत्तोलक

(2) प्रचालन उत्तोलक – वित्तीय उत्तोलक

(3) प्रचालन उत्तोलक × वित्तीय उत्तोलक

(4) प्रचालन उत्तोलक ÷ वित्तीय उत्तोलक

**34.** पूँजी बजटन के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा सही **नहीं** है ?

(1) पूँजी बजटन का संबंध परिसम्पत्ति परिस्थापन निर्णयों से है।

(2) पूँजी की लागत न्यूनतम अपेक्षित प्रत्याय के बराबर है।

(3) किसी परियोजना में वर्तमान निवेश को डूबी हुई लागत नहीं माना जाएगा।

(4) नगद प्रवाह का समय क्रम उपयुक्त है।

**35.** आर्थिक आदेश मात्रा क्या है ?

(1) किसी आदेश की लागत
(2) स्कन्ध की लागत
(3) पुनः आदेश स्तर
(4) अनुकूलतम आदेश आकार

**36.** निम्नलिखित में से मानव संसाधन प्रबन्ध का कौन-सा आधारभूत उद्देश्य **नहीं** है ?

(1) मानव संसाधन को संगठन के प्रति आकर्षित करना

(2) मानव संसाधन को बेहतर निष्पादन के लिए विकसित एवं अभिप्रेरित करना

(3) मानव संसाधन के लिए पुरस्कार और दण्ड विधान को बनाना

(4) एक संगठन में मानव संसाधन को बनाये रखना और समाकलन करना



www.examrace.com

37. What is 'gate hiring' ?

(1) To select people who approach on their own for employment in the organisation.

(2) To select people who are recommended by the employees.

(3) To select people from public employment exchanges.

(4) To select people supplied by labour contractors.

38. Matching essential managers and essential positions is a step in the process of :

(1) Career Cycle (2) Succession Planning

(3) Career Planning (4) Career Stages

39. The barriers to effective performance appraisal are :

(i) Psychological blocks of managers

(ii) Faulty assumptions of the parties concerned

(iii) Technical pitfalls

(iv) Faulty written communications

**Codes :**

(1) All are correct. (2) Only (ii) and (iii) are correct.

(3) Only (i) and (ii) are correct. (4) Only (i), (ii) and (iii) are correct.

40. Who has developed the 'Systems Approach' of industrial relations ?

(1) John Dunlop (2) Garry S. Becker

(3) Michael J. Jucius (4) Edwin B. Flippo

41. In 1992, the banking sector reforms were introduced as per :

(1) C. Rangarajan Committee Report

(2) M. Narasimham Committee Report

(3) Suresh Tandulkar Committee Report

(4) Sukhamoy Chakrabarty Committee Report



www.examrace.com

**37.** 'गेट हायरिंग' क्या है ?

(1) किसी संगठन में रोजगार के लिए स्वेच्छा से आए लोगों में से कर्मियों का चयन करना।

(2) कर्मचारियों द्वारा संस्तुतिकृत व्यक्तियों में से कर्मियों का चयन करना।

(3) सरकारी रोजगार कार्यालयों से भेजे गए व्यक्तियों में से कर्मियों का चयन करना।

(4) श्रम ठेकेदारों द्वारा भेजे गए व्यक्तियों में से कर्मियों का चयन करना।

**38.** अनिवार्य प्रबन्धक और अनिवार्य पदों में सुमेल किस प्रक्रिया का एक चरण है ?

(1) केरियर चक्र
(2) अनुक्रमिक नियोजन
(3) केरियर नियोजन
(4) केरियर पडाव

**39.** प्रभावी निष्पादन मूल्यांकन के अवरोधक हैं :

(i) प्रबन्धकों की मनोवैज्ञानिक ग्रंथियां

(ii) सम्बंधित पक्षों की त्रूटिपूर्ण मान्यतायें

(iii) तकनीकी खामियां

(iv) त्रुटिपूर्ण लिखित संप्रेषण

**कूट :**

(1) सभी सही हैं।
(2) केवल (ii) और (iii) सही हैं।
(3) केवल (i) और (ii) सही हैं।
(4) केवल (i), (ii) और (iii) सही हैं।

**40.** औद्योगिक सम्बन्धों की प्रणाली उपागम (सिस्टम एप्रोच) को किसने विकसित किया ?

(1) जाह्न डनलप
(2) गेर्री एस. बेक्कर
(3) माइकेल जे. जूसियस
(4) एडविन बी. फ्लिप्पो

**41.** 1992 में बैंकिंग क्षेत्र में, निम्नलिखित में से किस कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर, सुधारों को लागू किया गया ?

(1) सी. रंगाराजन कमेटी रिपोर्ट

(2) एम. नरसिंहम् कमेटी रिपोर्ट

(3) सुरेश तेन्दुलकर कमेटी रिपोर्ट

(4) सुखमय चक्रवर्त्ती कमेटी रिपोर्ट



www.examrace.com

**42.** For the purpose of extending rural banking and agro finance, the NABARD :

(1) Directly lends and monitors the rural borrowers

(2) Refinances the banks extending rural finance

(3) Refinances the rural borrowers obtaining credit from banks

(4) Directly finances the rural borrowers and gets refinance from government

**43.** When RBI grants loan to commercial banks and charges interest on it, it is called :

(1) Rapo rate (2) Reverse Rapo rate

(3) Sweep stack rate, basic rate (4) Bank rate

**44.** E-banking business is essentially regulated by the Information Technology Act, 2000, under which personal signature is replaced by :

(1) Encrypted signature (2) Image signature

(3) Digital signature (4) Online signature

**45.** In order to control inflation and ensure stability in money market :

(1) The RBI works under the direction of ministry of finance, government of India.

(2) The RBI acts independently and can refuse the government directive.

(3) The RBI acts under the board of directors.

(4) The RBI's board of governors shall abide by the government directive.

**46.** In respect of international business, a project is called a turnkey project because :

(1) The licensee agrees to construct an entire plant in his home county and hands over the key.

(2) The licensor starts the operation and hands over the key of the operating plant to the licensee.

(3) The licensor starts the operation and then invites the licensee and hands over the key to complete the remaining work.

(4) The licensor and the licensee jointly carry out the project and agree to share profit equally.



www.examrace.com

**42.** ग्रामीण बैंकिंग और कृषि वित्त के प्रसार के प्रयोजन के लिये नाबार्ड :

(1) ग्रामीण उधार लेने वालों को सीधा उधार देता है और स्वयं इसको मानिटर करता है।

(2) ग्रामीण वित्त प्रदान करने वाले बैंकों को पुन: वित्त प्रदान करता है।

(3) बैंकों से ऋण प्राप्त करने वाले ग्रामीणों को यह पुन: वित्त प्रदान करता है।

(4) ग्रामिण कर्जदारों को सीधे तौर पर ऋण देता है और यह सरकार से यह पुन: वित्त प्राप्त करता है।

**43.** जब आर.बी.आई व्यापारिक बैंकों को ऋण देता है और उस पर ब्याज वसूल करता है तो उसे कहते हैं :

(1) रैपो रेट
(2) रिवर्स रैपो रेट
(3) स्वीप स्टैक रेट, बेसिक रेट
(4) बैंक रेट

**44.** ई-बैंकिंग व्यवसाय अनिवार्यत: सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम 2000 से विनियमित होता है जिसके अन्तर्गत हस्ताक्षरों की जगह ले ली है :

(1) एनक्रिप्टिड सिगनेचर
(2) इमेज सिगनेचर
(3) डिजिटल सिगनेचर
(4) ऑन-लाइन सिगनेचर

**45.** मुद्रा स्फीति के नियन्त्रण और मुद्रा बाजार की स्थिरता को सुनिश्चित करने के लिये :

(1) भारतीय सरकार के वित्त मंत्रालय के निर्देशन में आर.बी.आई. कार्य करता है।

(2) आर.बी.आई. स्वतन्त्र रूप से कार्य करता है और वह सरकार के निर्देश को मना कर सकता है।

(3) आर.बी.आई. बोर्ड ऑफ डायेरेक्टरज के अधीन कार्य करता है।

(4) आर.बी.आई. का बोर्ड ऑफ गवर्नरज सरकार के निर्देशों का पालन करेगा।

**46.** अन्तर्राष्ट्रीय व्यवसाय के संदर्भ में, एक परियोजना को 'टर्न की' परियोजना कहा जाता है क्योंकि :

(1) लाईसेंसधारी सम्पूर्ण प्लांट को अपने देश में बनाने और उसकी चाबी सुपुर्द करने के लिए सहमत होता है।

(2) लाईसेंसदाता काम चालू कर देता है और लाईसेंसधारी को चालू प्लांट की चाबी दे देता है।

(3) लाईसेंसदाता प्लांट को चालू करता है और फिर लाईसेंसधारी को बुलाता है और उसे बकाया काम को पूरा करने के लिए कहता है।

(4) लाईसेंसदाता और लाईसेंसधारी संयुक्त रूप से परियोजना पर कार्य प्रारम्भ करते हैं और वे इसके लाभ को बराबर लेने में सहमत हो जाते हैं।



www.examrace.com

47. Match the items in **List-I** with the items in **List-II** :

| | **List-I** | | **List-II** |
|---|---|---|---|
| (a) | Bretton woods conference | (i) | WTO |
| (b) | Soft loan window | (ii) | World Bank |
| (c) | Geneva | (iii) | IFC |
| (d) | Loan to private sector | (iv) | IDA |

**Codes :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (iii) | (ii) | (iv) |
| (2) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (3) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (4) | (iv) | (ii) | (iii) | (i) |

48. **Assertion (A) :** The member nations, consistently finding balance of payments crisis, may approach the World Bank seeking financial accommodation to mitigate the cirsis.

**Reasoning (R) :** The member nations facing balance of payments crisis can approach the IMF seeking redressal of the BOP crisis.

**Codes :**

(1) **(A)** is correct and **(R)** is correct explanation of **(A)**.
(2) **(A)** is correct but **(R)** is wrong.
(3) **(R)** is correct and **(A)** is wrong.
(4) Both **(A)** and **(R)** are wrong.

49. In computation of balance of payments, overall balance of payments =

(1) Balance of current account + Balance of capital account + Statistical discrepancy
(2) Export of goods and invisibles − Import of goods
(3) Foreign exchange inflow − Foreign exchange outflow
(4) Export of goods and invisibles + Import of goods and invisibles

50. The instrument chosen for enhancement of international liquidity is :

(1) Society for World wide Inter bank Financial Telecommunications (SWIFT)
(2) Special Drawing Rights (SDRs)
(3) Multilateral Netting
(4) Netting of Payments

- o 0 o -



www.examrace.com

47. **सूची-I** की मदों को **सूची-II** की मदों से सुमेलित किजिए :

| | **सूची-I** | | **सूची-II** |
|---|---|---|---|
| (a) | ब्रेटन वुडस कांफ्रेंस | (i) | डब्ल्यू.टी.ओ. |
| (b) | सुलभ ऋण खिड़की | (ii) | विश्व बैंक |
| (c) | जेनेवा | (iii) | आई.एफ.सी. |
| (d) | निजी क्षेत्र के लिए ऋण | (iv) | आई.डी.ए. |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (iii) | (ii) | (iv) |
| (2) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (3) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (4) | (iv) | (ii) | (iii) | (i) |

48. **अभिकथन (A) :** वे सदस्य राष्ट्र जो निरन्तर भुगतान सन्तुलन समस्या का सामना कर रहे हैं, विश्व बैंक तक पहुँच करके इस समस्या से निपटने के लिए वित्तीय निभाव की माँग कर सकते हैं।

**तर्क (R) :** वे सदस्य राष्ट्र जिन्हें भुगतान सन्तुलन की समस्या का सामना करना पड़ रहा है, वे आई.एम.एफ. तक पहुँच करके बी.ओ.पी. की समस्या का समाधान की माँग कर सकते हैं।

**कूट :**

(1) **(A)** सही है, एवं **(A)** की **(R)** सही व्याख्या है।

(2) **(A)** सही है परन्तु **(R)** गलत है।

(3) **(R)** सही है परन्तु **(A)** गलत है।

(4) **(A)** और **(R)** दोनों गलत हैं।

49. भुगतान संतुलन की गणना में समग्र भुगतान सन्तुलन होता है :

(1) चालू खाते का सन्तुलन + पूंजी खाते का सन्तुलन + सांख्यिकीय विसंगति

(2) वस्तुओं एवं अदृश्य सामग्री का निर्यात – वस्तुओं का आयात

(3) विदेशी विनिमय अन्तर्प्रवाह – विदेशी विनिमय बहिर-प्रवाह

(4) वस्तुओं एवं अदृश्य सामग्री का निर्यात + वस्तुओं एवं अदृश्य सामग्री का आयात

50. अन्तर-राष्ट्रीय तरलता के संवर्धन के लिए किस साधन का उपयोग किया जाता है?

(1) सोसायटी फॉर वर्ल्ड वाइड इण्टर बैंक फिनानशियल टेलिकम्यूनिकेशन्स (स्विफिट)

(2) विशेष आहरण अधिकार (एस.डी.आरस)

(3) बहुपक्षीय समीकरण

(4) भुगतानों का समीकरण

- o 0 o -



www.examrace.com

**Space For Rough Work**

Exam Race



www.examrace.com